स्वामी उमेशानन्द के साथ
पोलैन्ड में सिद्धयोग टीचिंग विज़िट की सूचना

२८ सितम्बर, २०१७

प्रिय साधको,

मुझे आपको यह सूचित करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है कि पोलैन्ड में स्वामी उमेशानन्द के साथ सिद्धयोग टीचिंग विज़िट का आयोजन अक्टूबर २०१७ में होगा!

यह ऐतिहासिक कार्यक्रम श्रीगुरुमाई की प्रेरणा से हो रहा है। स्वामी जी की यह विज़िट, पूर्वी यूरोप के सिद्धयोगियों के साथ श्रीगुरुमाई के सम्बन्ध व उनके प्रति प्रेम की अद्‌भुत अभिव्यक्ति होगी।

श्रीगुरुमाई ने इस विज़िट को यह शीर्षक प्रदान किया है :

Intention, Chanting, and Meditation
संकल्प, संकीर्तन व ध्यान

प्रतिभागी सिद्धयोग ध्यान शिक्षक, स्वामी उमेशानन्द के साथ इन तीन मूलभूत अभ्यासों का अन्वेषण करेंगे।

श्रीगुरुमाई ने १९९५-१९९६ में हुई महायात्रा टीचिंग टूर के दौरान अप्रैल १९९६ में पोलैन्ड की यात्रा की थी। पोलैन्ड और पूर्वी यूरोप के पड़ोसी देशों के कई सिद्धयोगियों व नए साधकों ने वहाँ आयोजित सत्संगों में भाग लिया था। बीस से भी अधिक वर्षों से वे उन सिखावनियों का अध्ययन और आध्यात्मिक अभ्यासों को करते रहे हैं जो गुरुमाई जी ने उन्हें अपनी पहली विज़िट में सिखाए थे और उनके ये प्रयत्न अत्यन्त फलदायी रहे हैं। तबसे, नए जिज्ञासु सिद्धयोग की सिखावनियों से परिचित हुए हैं और बहुत-से लोगों के जीवन, कृपा व स्वप्रयत्नों की शक्ति से रूपान्तरित हुए हैं।

श्रीगुरुमाई के मार्गदर्शन में, स्वामी उमेशानन्द ने पिछले कुछ वर्षों में पूर्वी यूरोप के सिद्धयोगियों के साथ टीचिंग विज़िटस्, पत्राचार व रिट्रीट्स् के माध्यम से एक सम्बन्ध स्थापित किया है। १९९५-१९९६ में हुए टीचिंग टूर में, मैं एक मैनेजर थी और एक बार फिर से टूर-मैनेजर के रूप में सेवा अर्पित करना मेरे लिए बहुत ख़ुशी की बात है।

हम विश्व में कहीं भी हों, हममें से हर एक इस टीचिंग विज़िट में भाग ले सकता है। नियमित रूप से सिद्धयोग पथ वेबसाइट के द्वारा हम टूर के विषय में नई जानकारी पा सकते हैं और इस विज़िट से सम्बन्धित लोगों की, प्रकृति की व कार्यक्रमों की तस्वीरें भी देख सकते हैं। हम श्रीगुरुगीता का पाठ, नामसंकीर्तन और ध्यान द्वारा इस टीचिंग विज़िट के लिए अपने आशीर्वाद भी भेज सकते हैं। और हम सिद्धयोग पथ वेबसाइट पर अपने आशीर्वाद, शुभकामनाएँ और अपने अनुभव लिखकर बाँट सकते हैं।

संकल्प, संकीर्तन व ध्यान : स्वामी उमेशानन्द के साथ पोलैन्ड में सिद्धयोग टीचिंग विज़िट, वारसॉ शहर के निकट स्थित सिरॉक नगर में शनिवार, १४ अक्टूबर से रविवार, २२ अक्टूबर तक आयोजित होगी। प्रतिदिन वहाँ सिद्धयोग शिक्षण एवं अध्ययन कार्यक्रम होंगे जिनमें श्रीगुरुगीता का पाठ, सिद्धयोग ध्यान शिक्षक के साथ प्रश्नोत्तरी, संकीर्तन व ध्यान शामिल हैं। बाबा मुक्तानन्द की महासमाधि के सम्मान में सार्वभौमिक सिद्धयोग शक्तिपात ध्यान-शिविर का आयोजन २१ अक्टूबर, २०१७ को होगा।

और अधिक जानकारी के लिए तथा आवास का आरक्षण करने के लिए इस अंग्रेज़ी पत्र में दिए गए लिंक को देखें।

मैं आपको आमन्त्रित करती हूँ कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की जानकारी अपने मित्रों व परिवारजनों को दें।

आदर सहित,

कुन्ती गिरॉन

टूर-मैनेजर

©२०१७ एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।
[स्वामी] मुक्तानन्द, गुरुमाई और सिद्धयोग अनेक देशों में एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन® के पंजीकृत व्यापार चिह्न हैं।
शक्तिपात ध्यान शिविर एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन® का पंजीकृत व्यापार चिह्न है।